फा.सं. 1704813/1/2022-मा. (समन्वय) (ई-21449)
भारत सरकार
मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी मंत्रालय
मत्स्यपालन विभाग

चंद्रलोक बिल्डिंग,
ग्राउंड फ्लोर, 36, जनपथ, नई दिल्ली
दिनांक 12 दिसंबर, 2023

**कार्यालय ज्ञापन**

विषयः **मत्स्यपालन विभाग द्वारा नवंबर, 2023 माह के दौरान किए गए प्रमुख गतिविधियों और महत्वपूर्ण निर्णयों का मासिक सार मंत्रिमंडल सचिवालय को परिचालित करने के संबंध में।**

अधोहस्ताक्षरी को उपर्युक्त विषय पर मंत्रिमंडल सचिवालय के दिनांक 19 अगस्त, 2019 के कार्यालय ज्ञापन संख्या 1/26/1/2018-कैब का संदर्भ लेने और नवंबर, 2023 माह के लिए मत्स्यपालन विभाग का मासिक सारांश परिचालित करने का निदेश हुआ है जिसमें की गई प्रमुख गतिविधियां,महत्वपूर्ण निर्णय और मंत्रिमंडल समिति/ समितियों के निर्णयों पर की गई कार्रवाई के संबंध में प्रगति सूचनार्थ संलग्न है।

यथोक्त: संलग्नक

(डॉ. एंसी मैथ्यू एनपी)
सहायक आयुक्त (मात्स्यिकी)

प्रति
मंत्रिमंडल के सभी सदस्य

**प्रतिलिपि**

1. मंत्रिमंडल सचिवालय, राष्ट्रपति भवन, नई दिल्ली-110001 (ध्यानार्थ: श्री भास्कर दासगुप्ता, निदेशक)
2. प्रधान मंत्री के प्रधान सचिव
3. राष्ट्रपति के सचिव, राष्ट्रपति भवन, नई दिल्ली
4. उप-राष्ट्रपति के सचिव, 6, मौलाना आजाद रोड, नई दिल्ली
5. प्रेस सूचना अधिकारी, सूचना एवं प्रसारण मंत्री, शास्त्री भवन, नई दिल्ली
6. भारत सरकार के सभी मंत्रालयों/विभागों के सचिव
7. सलाहकार, कृषि कार्यक्षेत्र, नीति आयोग, नीति भवन, नई दिल्ली

**सूचना के लिए प्रतिलिपि:**

1. माननीय मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी मंत्री के निजी सचिव
2. मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी के लिए माननीय राज्य मंत्री के निजी सचिव
3. सचिव, मात्स्यिकी के प्रधान निजी सचिव
4. अपर सचिव एवं वित्त सलाहकार के प्रधान निजी सचिव
5. मत्स्यपालन विभाग के संयुक्त सचिवों के प्रधान निजी सचिव
6. तकनीकी निदेशक, एनआईसी डीओएफ को विभाग की वेबसाइट पर संलग्न दस्तावेज अपलोड करने के अनुरोध के साथ।

**मत्स्यपालन विभाग, मत्स्यपालन, पशुपालन एवं डेयरी मंत्रालय में नवंबर, 2023 के दौरान लिए गए महत्वपूर्ण नीतिगत निर्णय एवं प्रमुख उपलब्धियां**

1. माननीय मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी मंत्री, श्री परशोत्तम रूपाला ने 21-22 नवंबर 2023 को साइंस सिटी, अहमदाबाद, गुजरात में विश्व मात्स्यिकी दिवस 2023 पर पहले वैश्विक मात्स्यिकी सम्मेलन भारत 2023 का उद्घाटन किया। गुजरात के माननीय मुख्यमंत्री श्री. भूपेन्द्र रजनीकांत पटेल, मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी मंत्रालय के माननीय राज्य मंत्री, डॉ. संजीव कुमार बालियान और डॉ. एल. मुरुगन और अन्य गणमान्य व्यक्ति भी इस अवसर पर उपस्थित थे। ~14,000 प्रतिभागियों ने दो दिवसीय कार्यक्रम में भाग लिया, जिसमें 10 विदेशी मिशन, अंतर्राष्ट्रीय संगठन (एफएओ, वर्ल्ड बैंक, एडीबी, जीआईजेड आदि) और विभिन्न राज्यों के माननीय राज्य मत्स्यपालन मंत्री शामिल थे। सम्मेलन में भारत में मात्स्यिकी क्षेत्र में नई प्रौद्योगिकियों और नवाचारों को प्रदर्शित करने वाली एक प्रदर्शनी भी प्रदर्शित की गई। इस प्रदर्शनी में वैल्यू चैन प्रोसेसर, स्टार्टअप आदि सहित लगभग 200 प्रदर्शकों ने भाग लिया। अनुसंधान एवं विकास और नई प्रौद्योगिकियों में सहयोग के क्षेत्रों पर चर्चा के लिए एक अंतर्राष्ट्रीय गोलमेज सम्मेलन का भी आयोजन किया गया। सहकारी समितियों, गहरे समुद्र में मत्स्यन, अंतर्देशीय मात्स्यिकी, नवाचारों, सर्वोत्तम प्रथाओं और महिला सशक्तिकरण आदि जैसे प्रमुख फोकस क्षेत्रों पर 10 तकनीकी और उद्योग संबन्धित सत्रों में भाग लेने के लिए भारत और विदेश से आईसीएआर, मात्स्यिकी विश्वविद्यालयों / कॉलेजों और उद्योग से विशेषज्ञों और पैनल वक्ताओं को आमंत्रित किया गया था।

2. संयुक्त सचिव (समुद्री मात्स्यिकी) ने विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) कार्य समूह की बैठक में भाग लिया: मात्स्यिकी सब्सिडी पर व्यवस्था से संदर्भित 01 नवंबर, 2023 को नई दिल्ली में आयोजित नियमों पर वार्ता समूह (एनजीआर) के अनुच्छेद क और ख में भारत का योगदान ।

3. मत्स्यपालन विभाग के सचिव ने 02 नवंबर, 2023 को भारत-श्रीलंका संयुक्त कार्य समूह पर एक समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की।

4. 03 नवंबर, 2023 को मत्स्यपालन विभाग के सचिव ने माननीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री, श्री पीयूष गोयल और माननीय खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्री, श्री पशुपति कुमार पारस की सह-अध्यक्षता में विश्व खाद्य भारत कार्यक्रम के दौरान एक गोलमेज बातचीत में भाग लिया।

5. माननीय मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी मंत्री, श्री परशोत्तम रूपाला ने 03 नवंबर, 2023 को नई दिल्ली में ग्रीस के ग्रामीण विकास और खाद्य मंत्रालय के महामहिम श्री एलिफथेरियोस एवगेनाकिस के साथ भारतीय प्रतिनिधिमंडल की बैठक का नेतृत्व किया।

6. माननीय मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी मंत्री, श्री परशोत्तम रूपाला और माननीय मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी राज्य मंत्री, डॉ. एल. मुरुगन ने 23 नवंबर,2023 को "वर्ल्ड फूड इंडिया (डब्ल्यूएफआई)", नई दिल्ली में दूसरे संस्करण के उद्घाटन समारोह में शामिल हुए।

7. संयुक्त सचिव (समुद्री मात्स्यिकी) ने वर्ल्ड फूड इंडिया - यूनाइटेड स्टेट्स इंडिया पार्टनरशिप पर बिजनेस लीडर्स राउंडटेबल में भाग लिया: 04 नवंबर, 2023 को नई दिल्ली में भारत में खाद्य प्रसंस्करण और कृषि का विकसित परिदृश्य।

8. माननीय मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी राज्य मंत्री, डॉ. एल. मुरुगन ने 08 नवंबर, 2023 को नई दिल्ली में मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी मंत्रालय की संयुक्त हिंदी सलाहकार समिति की अध्यक्षता की।

9. 53 वीं परियोजना मूल्यांकन समिति (पीएसी) की बैठक 9 नवंबर 2023 को आयोजित की गई थी और उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल, कर्नाटक, महाराष्ट्र से संबंधित वित्त वर्ष 2023-24 के अतिरिक्त प्रस्ताव और आंध्र प्रदेश के 2020-21 और 2021-22 से संबंधित संशोधन पीएसी द्वारा 282.16 करोड़ रुपए की केंद्रीय सहायता के साथ कुल 808.99 करोड़ रुपए के परिव्यय को मंजूरी दी गई।

10. संयुक्त सचिव (समुद्री मात्स्यिकी) ने 09 नवंबर, 2023 को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से आयोजित भारत-आइसलैंड मत्स्य स्टॉक समझौते (एफएसए) द्विपक्षीय बैठक में भाग लिया।

11. सांख्यिकी पर तकनीकी निगरानी समिति ने 09 नवंबर, 2023 को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से 2022-22 के लिए मत्स्य उत्पादन डेटा को अंतिम रूप दिया और अनुमोदित किया।

12. माननीय मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी मंत्री, श्री परशोत्तम रूपाला ने 16 नवंबर, 2023 को नेशनल मीडिया सेंटर, नई दिल्ली में ग्लोबल फिशरीज कॉन्फ्रेंस इंडिया 2023 पर प्रेस कॉन्फ्रेंस की अध्यक्षता की। इस अवसर पर मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी राज्य मंत्री डॉ. एल. मुरुगन भी उपस्थित थे।

13. संयुक्त सचिव (समुद्री मात्स्यिकी) ने 17 से 19 नवंबर, 2023 के दौरान कुल्लू, हिमाचल प्रदेश में आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम में भाग लिया।

14. संयुक्त सचिव (समुद्री मात्स्यिकी) ने 17 नवंबर, 2023 को नई दिल्ली में आयोजित इंडो-पैसिफिक क्षेत्रीय वार्ता (आईपीआरडी-2023) में भाग लिया।

15. मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी राज्य मंत्री, डॉ. एल. मुरुगन ने 23 नवंबर, 2023 को होटल आईटीसी मौर्य, नई दिल्ली में फरो आइलैंड्स के प्रधान मंत्री श्री एक्सेल विल्हेमसन जोहानसन से मुलाकात की।

16. संयुक्त सचिव (समुद्री मात्स्यिकी) ने 28 नवंबर से 4 दिसंबर, 2023 के दौरान होटल सेंट रेजिस, मुंबई में आयोजित डेटा संग्रह और सांख्यिकी (डब्ल्यूपीडीसीएस) और वैज्ञानिक समिति (एससी) पर हिंद महासागर टूना आयोग (आईओटीसी) वर्किंग पार्टी में भाग लिया।

17. भारतीय मात्स्यिकी सर्वेक्षण (एफएसआई) के दो मत्स्यन जहाजों ने माह के दौरान भारतीय विशिष्ट आर्थिक क्षेत्र (ईईजेड) में और उसके आसपास मात्स्यिकी संसाधनों और समुद्री स्तनपायी सर्वेक्षण कार्यक्रम के लिए खोजपूर्ण सर्वेक्षण कार्यक्रम आयोजित किए। एफएसआई के वरिष्ठ वैज्ञानिक सहायकों ने 28 नवंबर से 02 दिसंबर, 2023 के दौरान होटल सेंट रेजिस, मुंबई, महाराष्ट्र में आयोजित हिंद महासागर ट्यूना आयोग (आईओटीसी) की डेटा संग्रह और सांख्यिकी (डब्ल्यूपीडीसीएस19) की 19वीं वर्किंग पार्टी की बैठक में भाग लिया।

18. 29 नवंबर, 2023 को संसद भवन एनेक्सी (एक्सटैन्शन बिल्डिंग), नई दिल्ली में माननीय मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी मंत्री, श्री परशोत्तम रूपाला ने प्रधानमंत्री मत्स्य सम्पदा योजना (पीएमएमएसवाई) और समुद्री मात्स्यिकी विकास के विषय पर भारत सरकार के मत्स्यपालन विभाग, मत्स्यपालन पशुपालन और डेयरी मंत्रालय की सलाहकार समिति की अंतर-सत्रीय बैठक की अध्यक्षता की । मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी मंत्रालय के माननीय राज्य मंत्री, डॉ. एल. मुरुगन और अन्य माननीय संसद सदस्य (सांसद) उपस्थित थे।

19. राष्ट्रीय मात्स्यिकी विकास बोर्ड (एनएफडीबी) ने नवंबर, 2023 के दौरान क्रमशः 41,500 और 320,750 व्यक्तियों को कवर करते हुए 27 प्रशिक्षण और जागरूकता गतिविधियाँ और 94 आउटरीच गतिविधियाँ आयोजित कीं।

20. तटीय जलकृषि प्राधिकरण (सीएए) ने 126 आवेदनों पर कार्रवाई की, जिसमें फार्मों के पंजीकरण और पंजीकरण के नवीकरण के लिए 36 आवेदन और तमिलनाडु और आंध्र प्रदेश से प्राप्त हैचरी के पंजीकरण के लिए 11 आवेदन और एंटीबायोटिक फ्री एक्वा इनपुट के लिए अनुपालन प्रमाणपत्र जारी करने के लिए 79 आवेदन शामिल हैं।

21. सेंट्रल इंस्टीट्यूट ऑफ कोस्टल इंजीनियरिंग फॉर फिशरी (सीआईसीईएफ) ने कर्नाटक के उत्तर कन्नड़ जिले के तदादी में स्टेज II फिशरी हार्बर के निर्माण के लिए तकनीकी-आर्थिक व्यवहार्यता रिपोर्ट (टीईएफआर) तैयार की और प्रस्तुत की।

22. सेंट्रल इंस्टीट्यूट ऑफ फिशरीज नॉटिकल एंड इंजीनियरिंग ट्रेनिंग (सिफनेट) ने 200 मछुआरों के लिए 21 मछुआरे आउटरीच प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया।

23. नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ फिशरीज पोस्ट हार्वेस्ट टेक्नोलॉजी एंड ट्रेनिंग (निफेट) ने माह के दौरान 675 प्रशिक्षु दिनों में 123 समुद्री मछुआरे महिलाओं/पुरुषों के लिए पोस्ट-हार्वेस्ट प्रबंधन पर प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया।

24. मत्स्यपालन विभाग के लिए सीपीजीआरएएमएस पोर्टल के तहत शिकायत निपटान 30 नवंबर, 2023 तक 96% था।

***